# यूजीसी कानून के विरोध में दिनारा बाजार रहा बंद

**नवभारत न्यूज**
**दिनारा, 2 फरवरी।** दिनारा केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए यूजीसी कानून के विरोध में दिनारा ग्राम पंचायत में रविवार को दिनारा बाजार बंद देखने को मिला दिनारा सवर्ण समाज के आग्रह पर सुबह से ही बाजार बंद को लेकर सरगर्मी तेज हो गई थी दिनारा स्थानीय सवर्ण व्यापारियों और नागरिकों ने विरोध को खुलकर समर्थन दिया दिनारा नगर के मुख्य हाईवे के सर्विस रोड सर्राफ बाजार रेस्ट हाउस, पुराना थाना, नया थाना किराना , कपड़ा ,व्यापारी ,हार्डवेयर इलेक्ट्रॉनिक, वाले व्यापारी सहित सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रहे सड़कों पर लॉकडाउन की तरह जैसा सन्नाटा पसरा रहा हालांकि दिनारा सवर्ण समाज ने बाजार बंद करवाने के लिए पूरी शांतिपूर्ण तरीके से अपने सम्मान की रक्षा को बरकरार रखते हुए किसी भी



प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

इससे पूर्व सवर्ण समाज द्वारा यूजीसी कानून को शिक्षा सामाजिक संतुलन और सामान्य वर्ग के हितों के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए दिनारा हाईवे के सर्विस रोड एवं मुख्य बाजारों में शांतिपूर्वक तरीके से यूजीसी कानून का विरोध कर अपने अपने प्रतिष्ठान बंद कर इस कानून का विरोध किया इसी क्रम में सवर्ण समाज ने दिनारा बाजार बंद का आह्वान किया सभी सवर्ण समाज के व्यापारी एवं युवा नागरिकों ने एकत्रित होकर सफल बनाया सवर्ण समाज के पदाधिकारी ने सभी लोगों का धन्यवाद जताते हुए बताया कि यह बंद किसी व्यक्ति या वर्ग के खिलाफ नहीं है बल्कि शिक्षा व्यवस्था में कथित भेदभाव पूर्ण नीति के विरोध में है उन्होंने कहा कि यूजीसी कानून से सामान्य वर्ग के छात्रों और शिक्षकों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा इसलिए समाज ने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद की दिनारा बाजार बंद के दौरान आवश्यक सेवाओं को छोड़कर पूरा नगर स्वेच्छा से बंद रहा समाज के लोगों ने प्रशासन से मांग की और दिनारा सवर्ण समाज के द्वारा राष्ट्रपति के नाम लिखित पत्र लिखकर एवं केंद्र सरकार, प्रशासनिक अधिकारियों से यूजीसी के कानून को वापस लिया जाए ऐसे काले कानून देश पर ना थोपें जाए जिससे कि देश में विद्यमान भाईचारा समाप्त की कगार पर हो दिनारा में जिस तरह से सामान्य वर्ग में एकजुटता के साथ साथ बाजार बंद सफल हुआ।

### सड़कों पर उतरकर जताया विरोध

सड़कों पर उतरकर लोगों ने इस यूजीसी कानून का विरोध जताया सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा दिनारा नगर शांति में नजर आया अब तक के इतिहास में ऐसा बाजार पहली बार सामान्य वर्ग के लोगों में पहली बार देखने को मिला इस प्रदर्शन ने यह संदेश दिया है कि यूजीसी कानून को लेकर सवर्ण समाज में गहरी नाराजगी है और आने वाले दिनों में यह विरोध और तेज हो सकता है हालांकि फिलहाल देश भर में उपजे आक्रोश को देखते हुए माननीय उच्चतम न्यायालय ने यूजीसी के नए कानून पर रोक लगा दी है मगर केंद्र सरकार को भी इस काले कानून को जल्द से जल्द वापस लेना चाहिए अन्यथा इसका खामियाजा आज स्पष्ट तौर पर देश और प्रदेश की सरकारों को उठाना पड़ सकता है इस यूजीसी के कानून का विरोध में दिनारा के सवर्ण समाज के लोगों ने बाजार बंद कर सर्विस रोड पर शांतिपूर्वक तरीके से प्रदर्शन किया और हस्तलिखित ज्ञापन सवर्ण समाज के सभी लोगों ने हस्ताक्षर कर राष्ट्रपति के नाम लिखकर दिनारा समस्त सवर्ण समाज के नागरिकों द्वारा दिनारा थाना पहुंचकर थाना प्रभारी रविंद्र कुशवाहा के लिए केंद्र सरकार द्वारा यूजीसी कानून को लेकर दिनारा के समस्त सवर्ण समाज के द्वारा शांतिपूर्वक तरीके से मर्यादाओं का पालन करते हुए एकत्रित होकर थाना प्रभारी के हाथों में ज्ञापन सौपा गया।

# बस की टक्कर से, मोटर साइकिल चालक की मौत

**नवभारत न्यूज**
**नरवर, 2 फरवरी।** शिवपुरी जिले के नरवर थाना अंतर्गत मगरौनी पुलिस चौकी के सामने एक तेज रफ्तार बस ने मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनमें से एक युवक 'सचिन' की इलाज के दौरान ग्वालियर में मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी मुताबिक, फरियादी आशीष झा पुत्र रामप्रकाश झा ने बताया कि उनके ससुर सुरेश झा (53) और सचिन झा (13) निवासी डबरा मोटरसाइकिल से एक कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे थे। आशीष बस स्टैंड मगरौनी पर उनका इंतज़ार कर रहे थे।

जैसे ही मोटरसाइकिल मगरौनी पुलिस चौकी के सामने पहुँची, पीछे से आ रही एक हरे रंग की बस (क्रमांक स्क्क33 क्क0451) के चालक ने लापरवाही और तेजी से चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से घायलों को इलाज के लिए नरवर अस्पताल ले जाया गया। जहाँ सचिन की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रैफर कर दिया। दु:खद रूप से, इलाज के दौरान सचिन ने दम तोड़ दिया। मगरौनी चौकी पुलिस ने फरियादी आशीष झा की शिकायत पर आरोपी बस चालक के विरुद्ध बी.एन.एस. (क्क्ह्र) की धारा 281 और 125(्) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जाँच हेड कांस्टेबल दिनेश सिंह द्वारा की जा रही है। पुलिस ने बस को चिन्हित कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# टूर्नामेंट खेल प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर देते हैं : भारती



**शिवपुरी, 2 फरवरी।** पोहरी विधानसभा के ग्राम नयागांव आनंदपुर में जय बजरंग क्लब नयागांव आनंदपुर द्वारा आयोजित ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त प्रहलाद भारती ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन खेल प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर प्रदान करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और यहां के कई खिलाड़ी आगे बढ़कर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

शुभारंभ अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारियों नारायण सिंह रावत (पूर्व सरपंच), गणेश धाकड़ (उप सरपंच), दामोदर रावत, भरत परिहार (सरपंच), लखन रावत, श्रीलाल रावत, लक्ष्मण पटेल, देवेंद्र पुरी गोस्वामी, श्रीनिवास परिहार सहित अन्य सदस्यों ने फूलमालाएं पहनाकर अतिथि का स्वागत किया। इसके पश्चात प्रहलाद भारती ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला टीचर्स इलेवन एवं पीटीए इलेवन के बीच खेला गया। टॉस पीटीए इलेवन ने जीता, जबकि बल्लेबाजी टीचर्स इलेवन ने की। इस अवसर पर डॉ. हाकीम यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता धीरा रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवकुमार धाकड़, पूर्व सरपंच कल्याण सिंह यादव, विनोद मड़ेनिया, लोकेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# भाजपा अजा मोर्चा ने मनाई संत शिरोमणि रविदास जयंती

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा संत शिरोमणि रविदास जयंती के उपलक्ष में सप्ताह पकवाड़ा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार के निर्देशानुसार और भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव के सहयोग से शिवपुरी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीर सिंह सगर के नेतृत्व में संपूर्ण शिवपुरी जिला में यह पखवाड़ा




आयोजित किया जा रहा है। रविवार को शहर के हृदय स्थल माधव चौक पर समस्त भाजपा नेताओं द्वारा संत शिरोमणि रविदास महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया इसी दौरान प्रबुद्ध वर्ग और वरिष्ठ नेताओं ने संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर भाजपा जिलामंत्री केपी परमार, सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय प्रभारी कपिल भार्गव सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

शहर के ठाकुरपुर में भी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा एक बड़े स्तर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने डॉ अंबेडकर पार्क की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश देते हुए संत रविदास के छायाचित्र पर पुष्पांजलि कर कर समाज को उनके बताए हुए मार्ग तथा संदेशों पर चलने के लिए अजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीर सिंह सागर ने उद्बोधन दिया और कहा कि संत रविदास महाराज सामाजिक समरसता और सनातन धर्म के प्रचारक भी हैं उन्होंने क्षमता का पाठ हमें पढ़ाया है और हमारे धर्म के प्रति हमें जागृत होना चाहिए यह संदेश भी उन्होंने दिया है। इस इस दौरान स्थानीय पार्षद व कार्यक्रम सहसंयोजक वीरेंद्र नागर, सहसंयोजक धर्मेंद्र कोली, सीताराम जाटव आदि मौजूद रहे।

# महिला बाल विकास विभाग में सात माह से अफसरशाही की मनमानी

**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 2 फरवरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग, शिवपुरी में शासन के आदेशों की खुलेआम अवहेलना का मामला अब गंभीर नहीं, बल्कि बगावत का रूप ले चुका है। हालत यह है कि सात माह पहले जारी किए गए तबादला आदेश आज भी फाइलों में धूल खा रहे हैं, और बार-बार खबरें प्रकाशित होने के बावजूद विभागीय अफसरों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही।

10 जून 2025को मध्यप्रदेश शासन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जिले के भीतर 8 पर्यवेक्षकों के स्थानांतरण के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन न तो एक भी अधिकारी ने कार्यभार छोड़ा और न ही किसी जिम्मेदार ने आदेशों को लागू कराने की जहमत उठाई।




**सीडीपीओ ने रौंदे शासन के आदेश, अफसर बने मूकदर्शक** : सूत्रों के मुताबिक संबंधित सीडीपीओ ने तबादला आदेशों को सीधे ठंडे बस्ते में डाल दिया, जबकि जिला कार्यक्रम अधिकारी से लेकर वरिष्ठ स्तर तक के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। सवाल यह है कि क्या अब जिले में शासन नहीं, अफसरों की मनमानी चल रही है।

**सिफारिशों की सरकार, नियमों की हार** : विभागीय सूत्र साफ तौर पर कह रहे हैं कि जिन पर्यवेक्षकों के तबादले किए गए, उनका राजनीतिक रसूख इतना भारी है कि शासनादेश भी बेअसर साबित हो गए। विभाग के गलियारों में चर्चा है कि यहां आदेश नहीं, सिफारिश चलती है।

**गलत थे आदेश तो रद्द क्यों नहीं? सही थे तो लागू क्यों नहीं?** : सात माह बीत जाने के बावजूद न आदेश निरस्त हुए और न लागू। यह स्थिति विभाग की कार्यप्रणाली पर सीधा सवाल खड़ा करती है। आखिर अफसर किस दबाव में काम कर रहे हैं और किसके संरक्षण में आदेशों को दबाया जा रहा है।

**मेडिकल का बहाना, कार्रवाई से बचने की चाल** :मामला उजागर होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी धीरेन्द्र सिंह जादौन ने एक पर्यवेक्षक के मेडिकल कारण का हवाला देकर कार्रवाई का भरोसा दिलाया था। लेकिन सवाल यह है कि एक कर्मचारी की बीमारी के नाम पर आठ तबादले कैसे अटका दिए गए? क्या यह महज कार्रवाई टालने का हथकंडा है।

### फिर भी जीरो एक्शन

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि लगातार खबरें प्रकाशित होने के बावजूद न कोई जांच बैठाई गई, न किसी अधिकारी से जवाब-तलब हुआ, और न ही अब तक कोई नया पत्र या आदेश जारी किया गया। जो यह साबित करता है कि विभाग में जानबूझकर लेटलतीफी की जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग का यह रवैया न सिर्फ प्रशासनिक लचरता को उजागर करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि शासन के आदेशों की विभाग में कोई कीमत नहीं रह गई है। अब सवाल यह है कि शासन इस खुले उल्लंघन पर कब संज्ञान लेगा, या यह मामला भी अन्य फाइलों की तरह दबा दिया जाएगा।

# प्राकृतिक खेती अंतर्गत चयनित बीआरसी का किया अवलोकन




**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 फरवरी।** जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज सोमवार को ग्वालियर संभागीय आयुक्त मनोज खत्री एवं कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत ग्राम बडागांव विकासखंड शिवपुरी के चयनित बायो इनपुट रिर्सोस सेन्टर (बीआरसी) का अवलोकन किया गया। अवलोकन के दौरान आयुक्त श्री खत्री द्वारा बीजामृत, जीवामृत एवं नीमास्त्र आदि के बनाने तथा उपयोग की विधि के संबंध में कृषक महिम भारद्वाज से विस्तृत चर्चा की। साथ ही अन्य उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति प्रोत्साहित किया।

कलेक्टर श्री चौधरी द्वारा योजना अंतगर्त कलस्टरों में चयनित कृषि सखियों से भी जिले में प्राकृतिक खेती अंतर्गत किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर ग्वालियर संभाग के संयुक्त संचालक कृषि आर एस शाक्यवार, उप संचालक सह परियोजना संचालक (आत्मा) पान सिंह करोरिया, उप संचालक पशुपालन एल.आर.शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आनंद सिंह राजावत, तहसीलदार सिद्वार्थ शर्मा, श्रीमती डॉ.किरण रावत प्रभारी उप परियोजना संचालक आत्मा, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री गोयल के साथ ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक आत्मा रघुवीर सिंह यादव, पूरन सिंह चौहान बदरवास एवं मुकेश कुमार गर्ग कोलारस उपस्थित रहे।



# संत रविदास के विचार आज भी समाज को दिशा देते हैं : मौर्य

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 फरवरी।** समाजसेवी संस्था संत रविदास लोक न्याय ट्रस्ट समिति और बीपीएम जय हिंद मिशन के संयुक्त तत्वावधान में ग्वालियर बायपास स्थित मौर्य निवास पर संत शिरोमणि रविदास की जयंती श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई।

मुख्य वक्ता बीपीएम जय हिंद मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त जेलर विजय सिंह मौर्य ने कहा कि संत रविदास के विचार आज भी समाज को दिशा देते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात कर रूढ़िवादी सोच को त्यागें और समरस, समानता आधारित समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने सामाजिक एकता, भाईचारा और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने की जरूरत पर बल दिया। कार्यक्रम में संत रविदास लोक न्याय ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष डॉ. कपिल मौर्य सहित कई प्रबुद्धजन मौजूद रहे। वरिष्ठ पत्रकार मणिकांत शर्मा, सेंट जोंस पब्लिक स्कूल संचालक राम लखन धाकड़ गुरावल, जसवंत सिंह, कुबेर सिंह धाकड़, लल्ला पहलवान, केशव धाकड़, घनश्याम जाटव, सनी जाटव और बड़ी संख्या में अनुयायियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर संत रविदास के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई स्वामी रामचरण जयंती

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 फरवरी।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय समाज जिला शिवपुरी द्वारा रामसनेही संप्रदाय के परम महाराज श्री 1008 श्री रामचरण जी महाराज की 307वीं जयंती स्थानीय पर्यटक स्वागत केंद्र, शिवपुरी में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाई गई।

समाज के सचिव राजेंद्र विजयवर्गीय ने बताया कि जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी श्री रामचरण जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं आरती-वंदन के साथ किया गया। इस अवसर पर समाजजनों द्वारा भजन-कीर्तन किया गया तथा स्वामी श्री रामचरण जी महाराज के जीवन, आदर्शों एवं उनके आध्यात्मिक






संदेशों पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम के दौरान समाज की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती विद्यादेवी विजयवर्गीय को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात सहभोज का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर विजयवर्गीय समाज शिवपुरी के अध्यक्ष अशोक विजयवर्गीय, उपाध्यक्ष योगेंद्र विजयवर्गीय, संरक्षक सर्वश्री हरिशंकर विजयवर्गीय, प्रेम नारायण, रामचरण लाल विजयवर्गीय, अशोक विजयवर्गीय (बैंक वाले), नीरज विजयवर्गीय, दिनेश विजयवर्गीय, राकेश विजयवर्गीय, संजू विजयवर्गीय, दीपक विजयवर्गीय, राजेश विजयवर्गीय, आशिष विजयवर्गीय, विजय विजयवर्गीय, सुरेश विजयवर्गीय, बवीता विजयवर्गीय सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ और समाजजनों ने स्वामी श्री रामचरण जी महाराज के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# 44 वर्ष पूर्ण कर प्रधानाध्यापक गोलिया हुए सेवानिवृत्त

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 2 फरवरी।** बदरवास विकासखंड के शासकीय माध्यमिक विद्यालय खतौरा में

**खतौरा विद्यालय में भावभीना सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित**

दिनांक 31 जनवरी 2026 को प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक तोफान सिंह गोलिया के सेवानिवृत्ति समारोह



का गरिमामय आयोजन किया गया। लगभग 44 वर्षों की दीर्घ सेवाकाल में तोफान सिंह गोलिया ने शिक्षा विभाग में निष्कलंक, बेदाग छवि और ईमानदारी की मिसाल कायम की। उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में कर्तव्य के प्रति निष्ठा, त्याग और समर्पण के साथ दायित्वों का निर्वहन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने अपने संक्षिप्त उद्बोधनों में तोफान सिंह गोलिया के शैक्षणिक योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सुखद सेवानिवृत्त जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। समारोह का संचालन विद्यालय में पदस्थ शिक्षक पवन कुमार यादव द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बीआरसी अंगद सिंह तोमर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामनिवास जाटव, जन शिक्षा केंद्र प्रभारी एम. के. शर्मा, बीएसी वेद प्रकाश भार्गव, संजीव भार्गव, कमलेश गुप्ता, जन शिक्षक आर. ए. जाटव, कपिल जैन, कल्याण लोधी, प्राचार्य पंकज सोनी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी समारोह में सहभागिता निभाई, जिसमें प्रधानाध्यापक जी. एस. गोलिया, धर्मवीर सिंह कुशवाह, काशीराम गोलिया, प्रेम नारायण कुशवाह, मोहन सिंह कुशवाह, कविता मौर्य, वर्षा शर्मा, डोमिनिका तिर्की, नेहा गोलिया, सुरजीत यादव, अभिषेक यादव तथा बलराज राहोरिया शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में तोफान सिंह गोलिया के आने वाले जीवन के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

# फोरेन रिटर्न बीटेक पास चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भोपाल।** जीआरपी भोपाल ने ट्रेन में चोरी करने वाले एक फोरेन रिटर्न बी टेक पास चोर को गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से करीब सात लाख का सामान बरामद किया गया है.

आरोपी ऑनलाइन वेटिंग गेम की लत में पैसे हार गया था. आर्थिक तंगी के कारण भोपाल आकर ट्रेन में चोरी करने लगा. आरोपी लखनऊ निवासी पुणे यूनिवर्सिटी से बी टेक पास कर फोरेन रिटर्न है. जीआरपी भोपाल प्रभारी जहीर खान ने बताया कि बीते 20 जनवरी को फरियादी अफशा बेगम (52) निवासी वजीरपुर आगरा ट्रेन 22222 राधजानी एक्स. से सफर कर रही थी. कोच ए-1 में आगरा से मुंबई की यात्रा के दौरान स्टेशन भोपाल पर उनके सिराहने रखा लेडीस पर्स कोई अज्ञात बदमाश नींद का फायदा उठाकर चोरी कर ले गया. अफशा के पर्स के सोने-चांदी के सामान के साथ 35 हजार नकद और जरूरी कागजात थे.